तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा अपार आईडी का कार्य तेज करने के निर्देश



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

जनकपुर में सेवा सेतु शिविर आज

जनकपुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत आगामी 07 अक्टूबर 2026 को इंद्रप्रस्थ स्टेडियम, जनकपुर में आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविर की तैयारियों को लेकर विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिविर की व्यवस्थाओं, विभागीय समन्वय तथा आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का सहज लाभ दिलाने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न जिला स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनकपुर में आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविर को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बीएलओ करेंगे पात्र नागरिकों का सत्यापन

मनेन्द्रगढ़। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुपालन में एमसीबी जिले में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा।
अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। विशेष अभियान के अंतर्गत 17 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके युवाओं तथा 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में घर-घर भ्रमण करेंगे। इस दौरान मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण की प्रक्रिया के तहत पात्र नागरिकों की जानकारी संकलित की जाएगी। पात्रता पाए जाने पर आवश्यकतानुसार फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

नुक्कड़ नाटक से गूंजा जनजागरूकता का संदेश

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड भरतपुर के कोटाडोल में 29 सितंबर 2026 को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक जागरूकता तथा नागरिकों की सहभागिता से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कलाकारों ने संवाद, अभिनय एवं मनोरंजक प्रस्तुति के माध्यम से आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने, अपने अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति जागरूक रहने तथा समाजहित में सक्रिय सहभागिता निभाने का संदेश दिया। विभिन्न सामाजिक विषयों को सरल भाषा और प्रभावी अभिनय के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य, जिला पंचायत सदस्य सुखमंती सिंह एवं अनीता चौधरी, सरपंच सुभाष सिंह, मंडल अध्यक्ष कोटाडोल मनोज गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

परेशानी बिना भौतिक सत्यापन ऑनलाइन एंट्री पर सवाल, रिकॉर्ड सुधाराने भू-स्वामियों को काटने पड़ते हैं कार्यालयों के चक्कर

ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में पिता के नाम की जगह दर्ज है रायपुर, भू-स्वामी हलाकान

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ में राजस्व विभाग के अधिकांश कार्यों को ऑनलाइन किए जाने का उद्देश्य लोगों को कार्यालयों के चक्कर से राहत दिलाना है, लेकिन ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज जानकारी में त्रुटियां सामने आने के बाद भू-स्वामियों की परेशानी कम होने के बजाए बढ़ रही है।



कोरिया जिले के पटना उपतहसील अंतर्गत ग्राम रनई में ऑनलाइन खसरा रिकॉर्ड में एक भूमि स्वामी के पिता के नाम के स्थान पर प्रदेश की राजधानी रायपुर दर्ज होने का मामला सामने आया है। रिकॉर्ड में निवास का पता भी रायपुर दर्ज बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रनई स्थित खसरा नंबर 934, रकबा 1.8200 हेक्टेयर के ऑनलाइन खसरा रिकॉर्ड में भूमि स्वामी का नाम श्यामप्यारे हर्ष एक्सट्रेक्ट्स लिमिटेड दर्ज है। वहीं पिता के नाम के स्थान पर रायपुर दर्ज है तथा निवासी का पता भी रायपुर दशार्या गया है। ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में इस तरह की प्रविष्टि सामने आने के बाद रिकॉर्ड की जांच और डाटा एंट्री प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

बिना जांच-परख ऑनलाइन एंट्री का आरोप

डिजिटल इंडिया के तहत राजस्व रिकॉर्ड को ऑनलाइन किए जाने के दौरान संबंधित जानकारी की जांच और भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस मामले में रिकॉर्ड में पिता के नाम और निवास पते के स्थान पर शहर का नाम दर्ज होने से यह सवाल उठ रहा है कि ऑनलाइन प्रविष्टि से पहले रिकॉर्ड की जांच किस स्तर पर की गई। हालांकि, संबंधित विभागीय स्तर से इस त्रुटि के कारणों की पुष्टि किया जाना बाकी है।

जांच से सामने आएगा कारण

ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज इस प्रविष्टि की जिम्मेदारी और त्रुटि का वास्तविक कारण संबंधित राजस्व रिकॉर्ड की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। ऐसे मामलों में रिकॉर्ड अपलोड करने से पहले दस्तावेजों का सत्यापन और ऑनलाइन एंट्री की निगरानी की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की जरूरत है, ताकि भू-स्वामियों को बाद में सुधार के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

सुधार के लिए काटने पड़ते हैं चक्कर

ऑनलाइन रिकॉर्ड में गलत जानकारी दर्ज होने का पता भू-स्वामियों को बाद में चलता है। इसके बाद रिकॉर्ड में सुधार कराने के लिए उन्हें पटवारी से लेकर संबंधित राजस्व कार्यालयों तक संपर्क करना पड़ता है। ऑनलाइन व्यवस्था का उद्देश्य प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना है, लेकिन रिकॉर्ड में त्रुटि होने पर सुधार प्रक्रिया लंबी होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पारिवारिक विवाद में वारदात, पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को दबोचा

लाठी मारकर पिता की हत्या, बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पारिवारिक विवाद के दौरान एक युवक ने अपने ही पिता के सिर पर लाठी से वार कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद फरार आरोपी को जनकपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त लाठी भी पुलिस ने बरामद कर ली है।



आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, बघवार मोहल्ला भगवानपुर निवासी बिरन सिंह की उनके बेटे वंश बहादुर सिंह (31) ने पारिवारिक विवाद के दौरान हत्या कर दी। बताया गया कि विवाद के दौरान आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पिता के सिर के पीछे लाठी से जोरदार वार किया। गंभीर चोट लगने से बिरन सिंह की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के भतीजे मोतीलाल सिंह ने थाना जनकपुर पहुंचकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना जनकपुर में अपराध क्रमांक 245/2026 के तहत बीएनएस की धारा 103(1) में अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। अधिकारियों के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी थी, इसी दौरान जानकारी मिली कि वंश बहादुर सिंह अपने ही गांव में पुलिस से बचने के लिए लुक-छिपकर रह रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर भगवानपुर के बघवार मोहल्ले से आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष हत्या की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में इस्तेमाल की गई लाठी अपने घर के सामने स्थित खेत में छिपाकर रखना बताया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में लाठी बरामद कर जब्त की। इसके बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को दी गई।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी जनकपुर उपनिरीक्षक विजय सिंह, सहायक उपनिरीक्षक किशन चौहान, सउनि चित्र बहोर यादव, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक जय ठाकुर, आरक्षक सूर्यपाल सिंह एवं सहायक आरक्षक विष्णु यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कानफोड़ू साइलेंसर वाली 4 बुलेट जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बुलेट चलाने वालों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

- प्रत्येक चालक पर 5 हजार रुपए का चालान

सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने और शहर में शांति का माहौल कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस ने सोमवार रात ओड़गी नाका चौक में अचानक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

चेकिंग के दौरान तेज आवाज और पटाखे जैसी आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगी चार बुलेट मोटरसाइकिलों को पुलिस ने जब्त किया। प्रत्येक बुलेट चालक के खिलाफ 5-5 हजार रुपए का समन शुल्क लगाया गया। पुलिस की कार्रवाई से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वालों में हड़कंप की स्थिति रही। वाहन चेकिंग के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशे में वाहन चलाना स्वयं चालक के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। इसके अलावा बिना हेलमेट, बिना आवश्यक दस्तावेज और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी चालानी कार्रवाई की गई।





⏭ शेष पेज 2 पर

मूलभूत मांगों को लेकर सीएम से मिले भाजपाई



सोनहत। भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को लेकर भाजपा सोनहत का प्रतिनिधिमंडल रायपुर पहुंचा, जहां मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात हुई।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को समय देकर करीब एक घंटे तक क्षेत्र की विकास संबंधी मांगों, समस्याओं तथा भाजपा के संगठनात्मक कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखे गए विभिन्न जनहित के विषयों को गंभीरता से सुना और मांगों पर आवश्यक पहल एवं समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, भाजपा जिला मंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी सोनपाकर, ईश्वर राजवाड़े, सोनहत मंडल सह प्रभारी मनोज साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी एवं मंडल महामंत्री सुरेश राजवाड़े शामिल रहे। ⏭ शेष पेज 2 पर

लोकतंत्र बचाओ सप्ताह में कांग्रेस का जमकर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को जिला स्तरीय वोट बचाओ देश बचाओ पैदल मार्च एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- वोट बचाओ देश बचाओ पैदल मार्च, ज्ञानेश का पुतला दहन

कार्यक्रम की शुरूआत राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय, बैकुंठपुर में आयोजित जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता से हुई। प्रेसवार्ता के पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने राजीव भवन से गांधी पार्क स्थित प्रतिमा स्थल तक पैदल मार्च निकाला। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता द्वारा प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रगान के बाद भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन किया गया। इसके पश्चात कांग्रेसजनों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया।

कांग्रेस पार्टी द्वारा देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा, निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने तथा मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के मुद्दे को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी का आरोप है कि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता एवं स्वतंत्रता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस द्वारा वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने ⏭ शेष पेज 2 पर





बैकुंठपुर अध्यक्ष पद के लिए अब तक 2 दावेदार, शिवपुर चरचा में 4 आवेदन

नगरीय चुनाव के लिए कांग्रेस में दावेदारों की सक्रियता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस में संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ गई है। पार्टी ने अध्यक्ष और पार्षद पद के दावेदारों से आवेदन लेने की प्रक्रिया 3 अक्टूबर से शुरू कर दी है, जो 10 अक्टूबर तक चलेगी।

- 10 तक लिए जाएंगे आवेदन

आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही दोनों नगरीय निकायों में चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी स्तर पर अपनी दावेदारी पेश करनी शुरू कर दी है। कांग्रेस कमेटी कोरिया के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि बैकुण्ठपुर नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए अब तक दो आवेदन प्राप्त हुआ है।



वहीं शिवपुर-चरचा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए चार आवेदन आए हैं। दोनों नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डों से पार्षद पद के लिए बैकुंठपुर में 15 और शिवपुर चरचा में 12 आवेदन अब तक प्राप्त होने की जानकारी उन्होंने दी। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्टी स्तर पर सभी आवेदनों की गहन समीक्षा की जाएगी। इसके बाद संगठन द्वारा संभावित प्रत्याशियों के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर के लिए आफताब अहमद, रामायण, शिवपुर चरचा के लिए श्रीमती अंशु लकड़ा, श्रीमती पदमावती यादव, श्रीमती नीता मिश्रा, श्रीमती नम्रता सिंह ने जमा किया है।

बगावत करने वालों को टिकट नहीं

जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि पार्टी के अधिकृत निर्णय के विरुद्ध बगावत और संगठन विरोधी कार्य करने वाले लोगों को टिकट नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश संगठन के साथ जिला स्तर की टीम भी ऐसे मामलों पर नजर रखेगी। प्रत्याशी चयन में पार्टी के प्रति निष्ठा के साथ-साथ चुनावी परिस्थितियों और जीतने की क्षमता को भी ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस संगठन स्तर पर तैयारियों में जुटा है और प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी मैदान में पार्टी पूरी मजबूती के साथ उतरेगी।

समान नागरिक संहिता पर सुझाव और विचार साझा करेंगे संभाग के प्रतिनिधि

बैकुण्ठपुर। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता यूसीसी के संबंध में जनप्रतिनिधियों सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से संवाद और सुझाव प्राप्त करने के लिए सरगुजा संभाग में दो दिवसीय बैठक आयोजित की जा रही है।

समान नागरिक संहिता समिति के सचिव द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार संभाग स्तरीय बैठक 8 अक्टूबर को अम्बिकापुर तथा 9 अक्टूबर को जशपुर में आयोजित होगी। अम्बिकापुर में 8 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे शासकीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में बैठक होगी। इसमें सरगुजा संभाग के सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर रामानुजगंज, एमसीबी एवं सूरजपुर जिले के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसी क्रम में 9 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जशपुर में बैठक आयोजित की जाएगीए जिसमें जशपुर जिले के प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने संभाग के सभी संबंधित जिलों के राजनीतिक दलोंए सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, शिक्षाविदों, प्रतिष्ठित नागरिकों, विशिष्ट एवं गणमान्य नागरिकों तथा निगम, मंडल और आयोग के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार एवं सुझाव साझा करने का अनुरोध किया है। संभागायुक्त ने संबंधित जिलों के कलेक्टरों को आवश्यक तैयारियां एवं कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। समान नागरिक संहिता के विषय पर आयोजित यह संवाद विभिन्न वर्गों की सहभागिता और विचार विमर्श के माध्यम से व्यापक सुझावों को सामने लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। बैठक के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु कलेक्टर अजीत वसंत ने आदेश जारी कर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिसके अनुसार अपर कलेक्टर प्रताप विजय कुमार खेस्स नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर बन सिंह नेताम सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

खबर संक्षेप

कल्याणपुर मुख्य चौक पर अतिक्रमण नाराज ग्रामीण पुनः करेंगे चक्काजाम

बिश्रामपुर। ग्राम कल्याणपुर के मुख्य चौक और प्रतापपुर मार्ग के आसपास शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे तथा सड़क किनारे लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के विरोध में 24 सितंबर को हुए चक्काजाम उपरांत जारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है, मामले में कोई उचित कार्यवाही नहीं होने पर आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा पुनः 7 अक्टूबर दिन बुधवार को कल्याणपुर चौक स्थित प्रतापपुर मार्ग पर सड़क पर चक्काजाम किया जाएगा।सूरजपुर कलेक्टर को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा उल्लेख किया गया है कि अवैध बेजा कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व 24 सितंबर को भी चक्काजाम किया गया था, जिसमें नायब तहसीलदार बिन्देश्वर प्रजापति द्वारा 4-5 दिनों में अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ जांच उपरान्त बेदखली कार्रवाई किए जाने लिखित आश्वासन दिया गया था, लेकिन उक्त आश्वासन पर केवल कोरमपूर्ति करके अवैध कब्जा धारियों के खिलाफ आज तक बेदखली की कार्रवाई नहीं की गई है जिससे मामला लंबित रह गया है, इस मामले में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। बेदखली कार्यवाही नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने अब 7 अक्टूबर को पुनः कल्याणपुर चौक के पास चक्काजाम किये जाने की सूचना प्रशासन को दे दी है।

विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



अंबिकापुर। सोमवार को विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज ने जनपद पंचायत क्षेत्र में करोड़ो रूपए के विकास कार्य की सौगात दी। विधायक ने घंघरी रूखपुर चौक से कंचनपुर होते हुए अखोरा तक9 करोड़ 47 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन किया। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद सड़क निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। इस दौरान जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, श्रीमती अरूणा सिंह, संतोष जायसवाल, जनपद सदस्य विजय व्यापारी, राजेश राजवाडे, श्रीमती भुवनेश्वरी पैकरा, श्रीमती अनामिका पैकरा, श्रीमती हिरुलीया पैकरा, श्रीमती सुमित्रा पैकरा, सरपंच श्रीमती भारती राजवाड़े, बीडीसी करन पैकरा, उप सरपंच श्रीमती जानकी आंडिल्य, प्रेमानंद तिग्गा, मनीष ली सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लिया जनसेवा को आगे बढ़ाने का संकल्प



वाड्रफनगर। वाड्रफनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही जल जन सेवा संकल्प यात्रा के क्रम में स्टेडियम ग्राउंड में लाभार्थी योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जनसेवा और जनकल्याण भाजपा की प्राथमिकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जनसेवा का उद्देश्य है। जल जन सेवा संकल्प यात्रा के माध्यम से सेवा, जनसंपर्क और जनकल्याण के संदेश को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकहरिहा, विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मंगलम पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी, सोबरन कुशवाहा, नपं अध्यक्ष मानसिंह, मंडल महामंत्री अनिरूद्ध यादव एवं राजेंद्र व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

नगरीय क्षेत्र विकास से कोसों दूर, मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे लोग

जिला मुख्यालय में 23 साल बाद भी स्टेडियम ग्राउंड, टाउन हॉल व मुक्तिधाम निर्माण अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले के विकास में जिला मुख्यालय की भूमिका अहम होती है। ऐसे में जिला मुख्यालय ही विकास से कोसो दूर हो तो जिले के अन्य विकासखंड की स्थिति कैसी होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति बलरामपुर जिला मुख्यालय की है। जिला मुख्यालय बलरामपुर नगरिया क्षेत्र को बने हुए 23 वर्ष हो गए लेकिन अभी तक यह नगरीय क्षेत्र विकास से कोसों दूर है और लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी जूझना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय में कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्माण आज तक अधूरे है लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और जिले के लोग दूसरे जिले शहर के ऊपर निर्भर रहने को मजबूर है।

खास बात
- लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग आज तक नहीं हुआ पूर्ण

बलरामपुर को ग्राम पंचायत से उन्नयन करके साल मई 2003 में नगर पंचायत बनाया था। जब से बलरामपुर में टाउन हॉल के लिए लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग थी। इस मांग को पूरे होने में 11 वर्ष बीत गए। वर्ष 2014 में यह मांग पूरा हुआ इसके बाद वर्ष 2014 में तत्कालीन कलेक्टर की पहल पर नगर पंचायत द्वारा करोड़ों की लागत से निर्माण प्रारंभ कराया गया कराया गया लेकिन जितनी राशि सरकार से प्रदान किए गए थे इतने में निर्माण पूरा नहीं हुआ और ठेकेदार ने हाथ खड़े कर दिए जिससे निर्माण कार्य अधूरा रह गया। इसी दौरान तात्कालिक कलेक्टर का तबादला हो गया और निर्माण कार्य ठंडे बस्ते में चला गया तब से लेकर आज तक कई कलेक्टर जिले में आए और चले गए और नगर पंचायत में भी कितने का सीएमओ आए और चले गए और अब जिला मुख्यालय नगर पंचायत से नगर पालिका भी बन गया। ग्राम पंचायत से नगर पालिका बने हुए 23 साल का समय बीत गया लेकिन जिला मुख्यालय में एक टाउन हॉल नहीं बन सका। वर्ष 2024 -25 में तात्कालिक सीएमओ द्वारा राज्य शासन से प्रयास करके टाउन हॉल के लिए बजट पास कराया था लेकिन इसी बीच सीएमओ का भी ट्रांसफर हो गया और और प्रक्रिया अधर में लटक गया।



निर्माणाधीन भवन।

टाउन हाल की कमी

जिला मुख्यालय में टाउन हॉल की कमी अब लोगों को खलने लगा है। शादी विवाह बृहद पार्टी कार्यक्रम आदि के लिए लोगों को कई परेशानी के दौर से गुजरना पड़ता है। जो टाउन हॉल कम लागत में लोगों को मिलता है लेकिन टाउन हाल की कमी के कारण लोग प्राइवेट सेक्टरों के माध्यम से शादी विवाह पार्टी आदि कार्यक्रमों के लिए महंगे दामों में बुक करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि 23 साल में जिला मुख्यालय में एक टाउन हॉल नसीब नहीं हो सका जिससे लोगों को कार्यक्रमों के लिए दूसरे शहर या जिले में जाना पड़ रहा है।

जल्द निर्माण करने का दावा

नगरीय प्रशासन का दावा है कि टाउन हॉल का निर्माण जल्द प्रारंभ होगा और लोगों को इसकी सुविधा मिलेगी। लेकिन नगरीय प्रशासन का दावा कितना सच निकलता है और लोगों को कितने दिनों में सुविधा मिल पाता है यह तो आने वाले समय पर निर्भर है। क्षेत्र के लोगों का भी कहना है कि जितना धीमी गति से बलरामपुर नगरीय क्षेत्र का विकास हो रहा है उसे तो बेहतर ग्राम पंचायत है, जहां विकास के लिए 23 वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ता है बल्कि कुछ साल के भीतर ही पंचायत का विकास हो जाता है।

कई निर्माण हैं अधूरे

जिला मुख्यालय में टाउन हाल के अलावा कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्माण आज भी अधूरे है। नगरीय क्षेत्र में 23 वर्षों में एक टाउन हॉल नहीं बल्कि स्टेडियम ग्राउंड, हाईटेक मुक्तिधाम के अलावा कई प्रमुख प्रोजेक्ट अधूरे भ्वरह चुके हैं जिसे अब पूरे होने की आशा लोगों में है। लेकिन लोगों की आस कब पूरा होगा यह तो यह तो समय पर निर्भर है।

लग सकता है समय

राज्य शासन से टाउन हॉल के लिए बजट पास हुआ था जिसमें लगभग 3.50 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। पिछले दिनों इसका टेंडर भी हुआ लेकिन रेट अधिक होने से निरस्त कर दिया गया था। दोबारा टेंडर पास होता है तो कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कार्य पूरे होने में लगभग एक से डेढ़ वर्ष लग सकते हैं। इसके बाद लोगों को टाउन हॉल की सुविधा मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

-दीपक एक्का
मुख्य नगर पालिका अधिकारी



बिना नोटिस सफाई कार्य से हटाए जाने पर समूह की सदस्यों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से साफ-सफाई का कार्य कर रहे सरस्वती स्व-सहायता समूह को बिना पूर्व सूचना, नोटिस एवं स्पष्ट कारण बताए कार्य से हटाए जाने को लेकर समूह ने आपत्ति जताई है।

- समूह ने जांच व 31 मार्च तक कार्य जारी रखने की मांग की

समूह का आरोप है कि उसे हटाने के बाद बिना पारदर्शी निविदा, प्रक्रिया अपनाए किसी अन्य पसंदीदा व्यक्ति या समूह को सफाई कार्य दिए जाने की स्थिति सामने आई है। समूह ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की है। समूह ने बताया कि सरस्वती स्व-सहायता समूह लंबे समय से स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कार्य करता रहा है तथा कोरोना महामारी के दौरान भी सदस्यों ने अपनी सेवाएं जारी रखीं। इसके बावजूद बिना नोटिस और अपना पक्ष रखने का अवसर दिए कार्य से हटाए जाने से समूह से जुड़े कर्मचारियों की आजीविका प्रभावित हो रही है। 26 सितंबर को क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति की बैठक में सरस्वती स्व-सहायता समूह को 30 सितंबर तक कार्य जारी रखने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बावजूद कार्य से हटाए जाने की स्थिति पर समूह ने सवाल उठाए हैं। सरस्वती स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष कुंती बाई ने कलेक्टर,सीएमएचओ एवं बीएमओ को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर सफाई कार्य आवंटन की प्रक्रिया, निविदा एवं चयन से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं तथा यदि निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ है तो उचित कार्रवाई की जाए।

समूह ने यह भी मांग की है कि मामले पर पुनर्विचार करते हुए 31 मार्च तक सरस्वती स्व-सहायता समूह को सफाई कार्य जारी रखने का अवसर दिया जाए।

डीएवी स्कूल बिश्रामपुर में पदस्थ लाइब्रेरियन की हृदयघात से हुई मौत

बिश्रामपुर। नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में पदस्थ लाइब्रेरियन रामजी सिन्हा 55 वर्ष का हृदयाघात से सोमवार को निधन हो गया,बताया गया कि रविवार को अचानक सीने में तेज दर्द उठने पर परिजन उन्हें अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था,यहां के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उनका सोमवार को निधन हो गया।मूलतः अंबिकापुर निवासी मिलनसार व्यवहार के रामजी सिन्हा अपने पीछे दो पुत्री, पत्नी समेत भरपुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।उनके निधन की खबर पर डीएवी विद्यालय में दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं सोमवार को स्कुल की कक्षाओं का अवकाश रखा गया।



कम्प्रेशर मशीन में धमाका, दुकान में लगी आग

अंबिकापुर। शहर के नवापारा में तेज आवाज के साथ हुए धमाके के बाद हड़कंप मच गया। धमाका कार वाशिंग सेंटर में मौजूद कम्प्रेशर मशीन में हुआ था। कम्प्रेशर मशीन के फटने से दुकान में आग गई। धमाका इतना तेज था कि कम्प्रेशर मशीन का एक ढक्कन दूर जाकर दूसरे घर की छत पर गिरा। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू लिया।

बताया जा रहा है कि शहर के नवापारा चर्च मैदान के समीप स्थित कार वाशिंग सेंटर में संचालक द्वारा कम्प्रेशर मशीन में हवा भरने का काम किया जा रहा था। इस दौरान संचालक कम्प्रेशर मशीन को चालु करके चले गए और बंद करना भूल गए। कम्प्रेशर मशीन में प्रेशर अधिक बढ़ने के कारण ही धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आस पास के लोग दहशत में आ गये। कम्प्रेशर मशीन का ढक्कन भी दूर जाकर गिरा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने समय रहते आग पर काबू पाया। इधर इस घटना से बड़ी लापरवाही सामने आई है। गनीमत थी कि घटना के समय आस पास कोई नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



मोरभंज डेम के समीप शराब पी कर वाहन चलाने वालों पर पुलिस संयुक्त दल ने की कार्रवाई, छह वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम मोरभंज डेम के पास मौज-मस्ती की आड़ में शराबखोरी कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जयनगर पुलिस एवं यातायात पुलिस के संयुक्त दल ने कार्रवाई करते हुए छह चारपहिया वाहनों को जब्त किया है,पुलिस ने शराब के नशे में वाहन चलाने वाले लोगों के विरुद्ध मोटर वेहिकल एक्ट एवं संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देश पर रविवार की शाम जयनगर पुलिस एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने मोरभंज पर्यटन स्थल पर दबिश दी,पुलिस टीम के पहुंचते ही वहां शराबखोरी कर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर संदिग्ध वाहन चालकों की जांच की, जिसमें शराब के नशे में वाहन चलाने वाले छह लोगों के वाहन क्रमांक सीजी 15 ईई 3599, सीजी 15 डीएल 2979, सीजी 04 टीई 4247, सीजी 12 एजी 2111, जेएच 01 सीए 7431 को जब्त कर लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर शराबखोरी के बाद वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना बताया जा रहा है। अक्सर पर्यटन स्थलों पर शाम के समय बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में शराब सेवन कर वाहन चलाने से न केवल संबंधित व्यक्ति की जान जोखिम में पड़ती है, बल्कि अन्य पर्यटकों एवं राहगीरों की सुरक्षा पर भी खतरा बनता है।संयुक्त कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अमित गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक शशिशेखर तिवारी एवं यातायात प्रभारी बृजकिशोर पांडेय सहित अन्य पुलिस स्टाफ सक्रिय रहे ।





प्रतापपुर पहुंची सेवा संकल्प अभियान बाइक रैली

प्रतापपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही बाइक रैली सोमवार को प्रतापपुर पहुंची। गणेशपुर चौक में भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रैली का जोरदार स्वागत किया। युवा मोर्चा प्रतापपुर के नेतृत्व में करीब 200 बाइक के साथ रैली गणेशपुर चौक से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंगल भवन पहुंची। रैली का नेतृत्व विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने किया। मंगल भवन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में करीब 500 युवाओं ने सहभागिता की। मंगल भवन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं ने सेवा, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने युवाओं से समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की बात कही। इस दौरान अवधेश चंदेल, शिवनाथ यादव, जितेंद्र देवांगन, लोकेश साहू, दीक्षा अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अवधेश पाण्डेय, मानती योगेंद्र सिंह सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



रक्तदान से जरूरतमंदों को मिलता है जीवन का संबलः राजवाड़े

सूरजपुर। स्वैच्छिक रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक सहयोग है। आपात स्थिति में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जागरूक नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। उक्त बाते स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुई मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कही। उन्होंने युवाओं सहित सभी पात्र नागरिकों से रक्तदान के लिए आगे आने और दूसरों को भी प्रेरित करने की बात कही।

- शिविर में 11 लोगों ने किया रक्तदान, 77 नागरिकों की हुई स्वास्थ्य जांच



मंत्री श्रीमती राजवाड़े सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड भैयाथान के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलका में आयोजित रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल हुईं। शिविर में 11 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और 77 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। मंत्री ने रक्तदाताओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार के लिए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आवश्यक है। नागरिक शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें और नियमित जांच कराएं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा और जनकल्याण के कार्यों से जोड़ने का अवसर है। स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता से जुड़ी गतिविधियों में सामूहिक सहभागिता से अभियान का उद्देश्य साकार होगा। श्रीमती राजवाड़े ने छुआछूत और भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर कर समानता, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने की बात कही। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि रक्तदान समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का ऐसा कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को रक्तदान के महत्व और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश सिंह, बीपीएम श्रीमती कंचन देवांगन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आरएचओ, सीएचओ, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

लरंग साय सेवा समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

लरंग साय सेवा समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सनातन संत समाज के अध्यक्ष संत वबरूर वाहन महाराज, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल तथा सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा सहित समिति के अध्यक्ष राम लखन सिंह पैकरा की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी, संत गहिरा गुरु एवं स्व. लरंग साय के छायाचित्र पर धूप-दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राम लखन सिंह पैकरा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. लरंग साय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम माना तथा संत गहिरा गुरु के साथ मिलकर धर्म, संस्कृति एवं समाज को जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने स्व. लरंग साय के साथ अपने प्रारंभिक राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि लरंग साय का संगठन और समाज के प्रति समर्पण आज भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने उनके नाम से गांव में स्वागत द्वार बनाने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अवसर देने तथा समाज को जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है।उन्होंने कहा कि लरंग साय सेवा समिति रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास और उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने लरंग साय वाटिका विकसित करने तथा वहां युवाओं के लिए नियमित साप्ताहिक एवं मासिक मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव भी दिया। सनातन संत समाज के अध्यक्ष संत वबरूर वाहन महाराज ने कहा कि स्व. लरंग साय ने संत गहिरा गुरु के साथ मिलकर गांव-गांव में सनातन धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण और समाज को जोड़ने का कार्य किया। इस दौरान मनोज गुप्ता, विवेक जायसवाल, जगवंशी यादव, श्रीमती चिंता भगत, विनय भगत, श्रीमती गीता देवी, रवि प्रताप सिंह, शिवशंकर सिंह मरावी, तिलासाय, अभय पैकरा, आशीष केसरी, दिनेश सिंह, दयाराम, रघुवीर भगत, उमाशंकर भगत, गणेश साय, धर्मेंद्र साय, सुखनंदन किसान, मोहन अग्रवाल, सत्यानंद पैकरा, बुधना राम पैकरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



पेज 1 का शेष

कानफोडू साइलेंसर ...

मानक साइलेंसर लगाने की अपील-सिटी कोतवाली प्रभारी दिनेश चन्द्रा ने वाहन चालकों से अपील की है कि बाइक या अन्य वाहनों में लगाए गए मॉडिफाइड साइलेंसर को तत्काल हटाकर कंपनी का मानक साइलेंसर लगवाएं। सिटी कोतवाली प्रभारी ने चेतावनी दी है कि चेकिंग के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर पाए जाने पर वाहन जब्त करने के साथ नियमानुसार जुमार्ना एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने की अपील की है।

मूलभूत मांगों को ...

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि सोनहत क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कई मांगें पूर्व में शासन के समक्ष रखी गई थीं। इन मांगों में कई महत्वपूर्ण कार्यों को स्वीकृति मिलने पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वीकृत कार्यों में राउतसरई, बेलार्ड, सिंहपानी, पत्थरगवां, जोगिया, रजपुरी, भलूआर, परहित एवं रामगढ़ क्षेत्र में बिजली से संबंधित कार्य प्रमुख हैं। बिजली सुविधा के विस्तार से इन ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

सड़क और पुल निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा-क्षेत्र में आवागमन को बेहतर बनाने के लिए मेंड्रा से परहित पहुंच मार्ग, आनंदपुर, रामगढ़ से कोटाडोल, सुंदरपुर, पोड़ी, पाराडोल, कछाड़ी, अमरा से भैंसवार, किशोरी, निगनोहर, कचोहर, देवतीडाड़ एवं नवाटोला पहुंच मार्गों पर सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली है। वहीं ठाकुरहथी, धनपुर एवं तेलीमुड़ा में करोड़ों रुपये के पुल निर्माण कार्यों की स्वीकृति भी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पुल निर्माण से बरसात के दौरान आवागमन में होने वाली परेशानियों को कम करने में मदद मिलेगी। ग्रामीणों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगभग 1 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से बोड़ार, पोड़ी, दामूज, बसेर, अक्लासरई, भैंसवार, रामगढ़, सुंदरपुर, चंदहा, सिंघोर, नवगई, चकडर एवं कछार में पीडीएस भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है।

लोकतंत्र बचाओ सप्ताह ...

का प्रयास किया जा रहा है। जिल अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, यवत सिंह, संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, बीएल राजवाड़े आशीष यादव लल्ला, सुरेश सिंह, अजीत लकड़ा, वरिष्ठ मुख्तार अहमद हेमसागर यादव, धीरज शिवहरे, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, संगठन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं मंडल सेक्टर बूथ, पंचायत एवं बीएलए एवं भारी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



पोस्टपोन हुई 'उड़ता तीर' 23 अक्टूबर को होगी रिलीज

मुंबई। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अब दर्शकों को फिल्म की रिलीज का इंतजार है। फैंस को फिल्म का और इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि फिल्म की रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया गया है। ये दूसरी बार है जब फिल्म की रिलीज को पोस्टपोन किया गया है। पहले फिल्म को 9 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन अब फिल्म की डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। फिल्म को आगे बढ़ाकर 23 अक्टूबर कर दिया गया है। उड़ता तीर को 11 सितंबर को रिलीज किया जाना था।

लाइफ Style

जान्हवी

डीपफेक वीडियो पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' के गाने 'चुट्टामल्ले' पर बनाए गए कथित एआई जनरेटेड अश्लील डीपफेक वीडियो को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी सोशल मीडिया पर बयान जारी कर बिना अनुमति महिलाओं की तस्वीरों और वीडियो को आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर प्रसारित किए जाने की आलोचना की। जान्हवी ने कहा कि तकनीक का इस तरह गलत इस्तेमाल महिलाओं की गरिमा और निजता का गंभीर उल्लंघन है।जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपना बयान साझा किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनकी इच्छा के बिना आपत्तिजनक कंटेंट में दिखाना बेहद गंभीर मामला है। अभिनेत्री ने ऐसे कंटेंट को तैयार करने और फैलाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि यह आपराधिक कृत्य यौन उत्पीड़न के समान है। जान्हवी ने कहा कि महिलाओं को केवल एक वस्तु की तरह पेश करना और उनकी सहमति के बिना एडिटेड कंटेंट तैयार कर उसे इंटरनेट पर फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके मुताबिक, एआई जैसी तकनीक का इस्तेमाल रचनात्मक काम के लिए किया जा सकता है, लेकिन किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी छवि का आपत्तिजनक इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं हैं।



हॉलीवुड मसाला



भारत की मेहमान नवाजी ने

जीता दिल

लॉस एंजेलिस। मशहूर अमेरिकी यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट बीते दिनों भारत यात्रा पर आए थे। यहां वे रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'रामायण' के इवेंट में भी शामिल हुए। अब मिस्टर बीस्ट ने भारत यात्रा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इस यात्रा को शानदार बताया है। अमेरिका के मशहूर यूट्यूबर मिस्टरबीस्ट ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों के जरिए अपनी भारत यात्रा की झलक दिखाई है। तस्वीरों में उनके साथ बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर, क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और मशहूर भारतीय यूट्यूबर अजेय नागर और पायल धारे नजर आ रहे हैं।



एवेंजर्स- एंडगेम एनकोर फिर टॉप पर पहुंची फिल्म

लॉस एंजेलिस। हाल ही में सिनेमाघरों में फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' को 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' टाइटल के साथ दोबारा रिलीज किया गया। फिल्म ने देश में तो कोई खास कमाई नहीं की पर दुनियाभर में इसने खूब कलेक्शन किया। इसके साथ ही अब यह फिल्म 'अवतार' को पछाड़कर कर दुनियाभर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'एंडगेम एन्कोर' को लेकर फिल्ममेकर्स ने कहा कि उन्हें यह देखकर बेहद खुशी हुई कि दर्शक एक बार फिर फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए कहा, 'हमारे लिए 'एवेंजर्सः एंडगेम' बनाने का सबसे पसंदीदा अनुभव यही था कि जब फिल्म रिलीज हुई, तब हम दर्शकों के साथ सिनेमाघरों में बैठे थे।



हेली का 'इश्का-इश्का' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अभिनेत्री हेली शाह की आगामी वेब सीरीज 'इश्का इश्का' रिलीज को लेकर तैयार है। सोमवार को मेकर्स ने सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज प्यार के गहरे, जुनूनी और डार्क पक्ष को उजागर करती है। ट्रेलर में आरोही (हेली), कबीर (सत्यजीत दुबे) और सुहानी (अनुष्का कौशिक) की कहानी दिखाई गई है, जो तीन जिंदगियां हैं और एक उलझे हुए इमोशनल रिश्ते में फंसी हुई हैं। ट्रेलर में मुख्य रूप से कबीर (सत्यजीत दुबे) नामक एक लेखक की कहानी दिखाई गई है, जो दो अलग-अलग रिश्तों के बीच फंस जाता है। सुहानी (अनुष्का कौशिक) उसके जीवन में स्थिरता और विश्वास लेकर आती है लेकिन तभी उसके अतीत से आरोही (हेली) की वापसी होती है। हेली शाह इस सीरीज में 'आरोही' का एक बेहद अप्रत्याशित और गहरा किरदार निभा रही हैं।



सल्लू की 'मातृभूमि' को मिली एनओसी

मुंबई। सलमान खान की आगामी वॉर-ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को सरकार की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट यानी एनओसी मिल गई है। अब फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की मंजूरी का इंतजार है। फिल्म की कहानी भारत और चीन के बीच 2020 में हुए सैन्य टकराव की पृष्ठभूमि पर आधारित बताई जा रही है। सरकार की आपत्तियों के बाद फिल्म में कुछ बदलाव किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म का संशोधित वर्जन सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सौंपा था। मंत्रालय को नए वर्जन पर कोई आपत्ति नहीं रही, जिसके बाद फिल्म को एनओसी दे दी गई। अब फिल्म की रिलीज के लिए अगला महत्वपूर्ण चरण सीबीएफसी की मंजूरी है। अगर 13 नवंबर की तारीख तय होती है तो फिल्म दिवाली के बाद सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

टीवी मसाला

विनर घोषित होने पर भावुक हुए अविनाश

मुंबई। रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन के विजेता अविनाश मिश्रा बने हैं। इस शो को रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। रविवार को रोहित ने विजेता के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान किया तो एक्टर भावुक हो गए।



बता दें कि अविनाश मिश्रा ने ग्रैंड फिनाले में अभिनेता ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) को हराया है। ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के बाद उन्होंने अपनी खुशी शेयर की है। कई महीनों तक चले मुश्किल स्टंट और चुनौतीपूर्ण टास्क के बाद अविनाश मिश्रा रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के विनर बने हैं। होस्ट रोहित शेट्टी से ट्रॉफी लेते समय एक्टर की आंखों में आंसू आ गए। बता दें कि स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो पिछले साल प्रसारित नहीं हुआ था। करीब दो साल के अंतराल के बाद अपनी इसने वापसी की। अविनाश के ट्रॉफी जीतने के साथ ही इस सीजन का अंत हो गया। ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप रहे। विनर के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान रोहित शेट्टी ने किया। अपना नाम सुनते ही वे रोने लगे। इसके बाद अविनाश ने अपनी इस कामयाबी के बारे में बात करते हुए रोहित शेट्टी से कहा कि पिछले दस वर्षों में उन्हें कई किरदारों के लिए नॉमिनेट किया गया। वे कई अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुए, लेकिन यह पहली बार था जब उन्होंने सच में कोई अवॉर्ड जीता।

मेरी कोई बेनामी संपत्ति नहीं



मुंबई। आयकर विभाग की छापेमारी के सप्ताहभर बाद सोमवार को रुकल प्रीत सिंह ने चुप्पी तोड़ी है। रकुल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि वे पूरी ईमानदारी से टैक्स भरती हैं। वे एक जिम्मेदार नागरिक हैं। साथ ही सेना की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखती हैं। रकुल प्रीत सिंह के हालिया पोस्ट में उनका दुख छलका है। उन्होंने कुछ ऑनलाइन रिपोर्टर पर बिना तथ्यों के खबरों की सनसनी बनाने का आरोप लगाया है। रकुल ने आईडी रेड को लेकर लिखा है, 'वह तलाशी मेरे बारे में नहीं थी। मैं बताना चाहती हूं कि मैं आर्म्ड फोर्सेज (सशस्त्र बलों) की पृष्ठभूमि से आती हूं। इंडस्ट्री में मेरा कोई 'गॉडफादर' नहीं था। मैंने अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है और कानून का पालन करने वाले एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर 20 साल की उम्र से ही अपने टैक्स भरती आ रही हूं'।

ऋचा ने 2026 को नहीं माना कंटेंट सिनेमा का साल

मुंबई। अगस्त में रिलीज हुई फिल्म 'हनुमान अंश' को जल्द सिनेमाघरों में दो महीने पूरे होने वाले हैं। इन दो महीनों में यह फिल्म भारत में 300 करोड़ से ज्यादा और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है। अब इसकी सक्सेस पर अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने अपनी राय दी है। एक्ट्रेस का मानना है कि साल 2026 को कंटेंट आधारित सिनेमा के लिए बड़ा साल कहना अभी जल्दबाजी होगी। सिर्फ इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि ये निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि



भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में दर्शकों की पसंद में कोई बड़ा बदलाव आया है। अभिनेत्री ने 2026 को कंटेंट के लिए लैंडमार्क साल मानने की बात से असहमति जताई। ऋचा ने कहा, 'अगर यह 'हनुमान अंश' के संदर्भ में है, तो वह अलग बात है। इस साल और क्या चला है। 'ऑब्सेशन' हॉलीवुड की फिल्म है, इसलिए हम उसकी तुलना अपनी फिल्मों से नहीं कर सकते। ऋचा ने आगे कहा, 'पौराणिक फिल्में वैसे भी अच्छा करती हैं। धार्मिक या पौराणिक चीजें सभी के लिए सुरक्षित होती हैं। ये तो लोग देखते ही हैं। यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि कुछ अच्छा हो रहा है।

'सत्यवान सावित्री' की नई डेट का ऐलान

चेन्नई। डायरेक्टर प्रवीण एस. विजय की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'सत्यवान सावित्री' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। कीर्ति सुरेश और डायरेक्टर मिश्किन की लीड रोल वाली इस फिल्म को अब दुनियाभर के सिनेमाघरों में 20 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इसकी जानकारी फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे बैनर ड्रमस्टिक्स प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, अब और खामोशी नहीं। सावित्री की लड़ाई शुरू होती है। मेकर्स ने बताया कि 'सत्यवान सावित्री' 20 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म की रिलीज पहले 24 जुलाई को तय की गई थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने रिलीज डेट टाल दी।

एआई से मेरी तस्वीरों में न करें बदलाव

मुंबई। नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस यामी गौतम ने मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से उनकी तस्वीरों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के जरिए किसी भी तरह की छेड़छाड़ या बदलाव नहीं करने की अपील की है। एक्ट्रेस ने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई उनकी तस्वीरों को उसी मूल रूप में इस्तेमाल किया जाए। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब सेलिब्रिटीज की एआई जनरेटेड तस्वीरों, डीपफेक और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। यामी गौतम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए मीडिया से खास तौर पर अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान खींची गई उनकी तस्वीरों को एआई की मदद से बदलने, सुधारने या किसी अन्य तरीके से एडिट करने से बचा जाए। यामी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि मीडिया से उनका विनम्र अनुरोध है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई उनकी तस्वीरों को एआई के जरिए बदलने या बेहतर बनाने से बचा जाए। उन्होंने कहा कि तस्वीरों का इस्तेमाल उनके मूल रूप में ही किया जाना चाहिए।



इस सप्ताह ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन भरपूर खजाना

मुंबई। सिनेमाघरों में 'दृश्यम 3' लगी हुई है। इस हफ्ते भी थिएटर में कॉमेडी का तड़का लगाने 'उड़ता तीर' की आमद होगी । मगर, ओटीटी पर भी खजाना भरपूर मिलेगा। इस हफ्ते डिजिटल प्लेटफॉर्म पर परिणीति चोपड़ा की इन्वेस्टिगेशन थ्रिलर से लेकर तमिल भाषा की एक्शन फिल्म तक, कई शानदार विकल्प रहेंगे।

सुपर बूमी : यह एक एनिमेटिड सीरीज है, जो 5 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह पारिवारिक मनोरंजन सीरीज है। इसमें बूमी और उसके दोस्तों ने अपनी एक वर्चुअल गेमिंग दुनिया बनाई है, जहां उनका सामना नई-नई चुनौतियों और एडवेंचर्स से होता है।

मंदादि : यह तमिल भाषा की स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह 10 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सूरी और सुहास अभिनीत यह फिल्म 8 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



बिलो : यह कनाडाई थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 8 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। जोश हार्टनेट, मैकेंजी डेविस और चार्ली हीटन अभिनीत यह सीरीज समुद्र किनारे बसे एक छोटे से शहर की कहानी पर आधारित है।

'रिपोर्टिंग लाइव' : अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 9 अक्टूबर को दस्तक देगी। इसमें वे पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी और अवैध रेत खनन का पर्दाफाश करेंगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

आवारापन 2 : इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म 'आवारापन 2' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद इसे ओटीटी पर भी रिलीज किया गया। अब यह मासिक सब्सक्रिप्शन वाले यूजर्स के लिए भी 9 अक्टूबर से उपलब्ध रहेगी। इसे प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

टेक चार्ज ऑफ माय हार्ट: अगर के-ड्रामा सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह सीरीज आपके लिए है। इसे 09 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी कहानी एक बड़े कारोबारी घराने के वारिस की है, जिसके शरीर में आर्टिफिशियल हार्ट लगा है। उसकी जिंदगी में एक लड़की आती है।

एनिमल्स : यह एक अमेरिकी क्राइम थ्रिलर फिल्म है। बेन अफ्लेक निर्देशित 'एनिमल्स' 9 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें अफ्लेक, केरी वाशिंगटन, जिलियन एंडरसन, एड्रियाना पाज और लुइस गेरार्डो मेंडेज हैं।

स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे : टॉम हॉलैंड अभिनीत मार्वल्स की 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भी इस वीक ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। दर्शक इसे 6 अक्टूबर 2026 से प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

भैयाथान में 8 से 10 अक्टूबर तक गूंजेगा खेलों का रोमांच

सलका अघिना। ग्रामीण अंचलों की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने और युवाओं को खेलों के जरिए मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 अक्टूबर तक किया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाली खेल प्रतियोगिता भैयाथान विकासखण्ड के ग्राम पंचायत समौली के स्टेडियम में आयोजित होगी, जहां अलग-अलग खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन करेंगे।

छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों, शासकीय-अशासकीय शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न स्तरों से खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के माध्यम से भी ग्रामीण और आदिवासी अंचल की छिपी खेल प्रतिभाओं को प्रतियोगिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन कराया गया है। जिन खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, उन्हीं को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति होगी।

प्रतियोगिता के तहत 8 अक्टूबर को एथलेटिक्स और वॉलीबॉल के मुकाबले होंगे। 9 अक्टूबर को खेल का रोमांच और बढ़ेगा। इस दिन कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी और बास्केटबॉल के मुकाबले होंगे। इसके बाद 10 अक्टूबर को प्रतियोगिता के अंतिम दिन फुटबॉल, बैडमिंटन, रस्साकशी और कराटे की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 8 से 10 अक्टूबर तक समौली स्टेडियम में होने वाला यह आयोजन भैयाथान क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा साबित करने का बड़ा मौका बनने जा रहा है। तीन दिनों तक मैदान में दौड़, ताकत, कौशल और टीम भावना की जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी।

हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। दोस्त की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों ने मामूली विवाद पर उसकी धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। बता दें कि कोरिया बैकुंठपुर निवासी विश्वजीत कुल्हाड़े उर्फ राजा शहर के खैरबार बदुलापारा स्थित गैरेज में बाइक मिस्त्री का काम करता था और गैरेज के ही एक कमरे में रहता था। युवक की 4 अक्टूबर को उसके ही दो दोस्तों द्वारा हत्या किए जाने की बात सामने आई थी। युवक के सिर के पीछे गर्दन पर धारदार हथियार के गंभीर चोट के निशान मिले थे। इस मामले में पुलिस ने एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस मामले में पुलिस ने खैरबार बदुला पारा निवासी 26 वर्षीय आकाश उर्फ चिंटू आ. शम्भू सिंह व 19 वर्षीय आकाश कंवर आ. कैलाश कंवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपियों ने मामूली बात को लेकर विवाद के बाद आक्रोशित होकर धारदार बसीला से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों से घटना में दो नग बसीला बरामद करने के साथ ही दोनों आरोपियों को बीएनएस की 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

विभिन्न विभागों के कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा अपार आईडी का कार्य तेज करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विभिन्न विभागों के कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को रकबे में कमी, खसरे छूटने अथवा फसल प्रविष्टि में त्रुटि जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और समिति प्रबंधकों को पंजीयन, एग्रीस्टैक और फसल मैपिंग का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पंजीकृत प्रत्येक किसान के सभी खसरों, फसलों और रकबे का एग्रीस्टैक में मिलान किया जाए। समिति प्रबंधक किसानों से संपर्क कर ऑपरेटरों के माध्यम से बी-1 में दर्ज खसरे एवं फसल की जांच कराएं। किसी भी पंजीकृत किसान का एक भी खसरा छूटना नहीं चाहिए। तहसीलदार एवं एसडीएम तहसीलवार और समितिवार प्रगति की नियमित समीक्षा करें। वनपट्टाधारी, डुबान, शासकीय भूमि एवं शासकीय पट्टाधारी किसानों के प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए भूमि विवरण, खसरे तथा अक्षांश-देशांतर की प्रविष्टियां पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अपार आईडी के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों का नियमित निरीक्षण कर विद्यार्थियों की पढ़ाई की स्थिति की जानकारी लें। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृत आवासों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को तत्काल शुरू कराने तथा अधूरे आवासों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद सीईओ गांवों में जाकर कार्यों का मूल्यांकन करें और हितग्राहियों, सरपंच एवं पंचायत सचिवों से समन्वय कर आवासों को समय पर पूर्ण कराएं। दोनों जनपदों में स्वीकृत बालिका शौचालय निर्माण कार्यों में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने तय समय-सीमा में कार्य प्रारंभ कर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। आरईएस के अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समय पर कार्य पूर्ण कराने कहा गया।

जनदर्शन में नागरिकों ने रखीं अपनीं समस्याएं

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिले के दूरस्थ एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आवेदकों से संवाद कर उनके प्रकरणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में वनपट्टा संबंधी जांच, मानदेय, त्रुटि सुधार, भूमि कब्जा हटवाने, पशु शेड निर्माण के लिए सहायता, शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा रिकॉर्ड दुरुस्ती सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती यादव ने अधिकारियों को आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन शासन और नागरिकों के बीच सीधे संवाद का माध्यम है। जनदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत योगेंद्र श्रीवास, अपर कलेक्टर डी.डी. मण्डावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



चरचा से कटगोड़ी सड़क निर्माण की लोगों ने की मांग

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में 2 महीने की अवधि में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव का माहौल बनने के साथ ही विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दे एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गए हैं। बैकुंठपुर और शिवपुर-चरचा नगरीय निकाय क्षेत्रों में जहां राजनीतिक दल अपने-अपने कार्यकाल के विकास कार्यों को उपलब्धि के रूप में जनता के सामने रख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर कुछ ऐसे सवाल भी उठ रहे हैं, जिनका जवाब आने वाले समय में नगर सरकार और राजनीतिक दलों को देना होगा।

इसी क्रम में शिवपुर-चरचा क्षेत्र के पत्रकार, समाजसेवियों व्यापारी गण, क्षेत्र के जिम्मेदार नागरिक एवं चरचा बचाव मंच के द्वारा नगरीय क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि लंबे समय से चली आ रही जनहित की मांगें पूरी नहीं होती हैं तो आम जनता के बीच असंतोष स्वाभाविक है। यहां तक कि मतदान नहीं करने अथवा मतदान के बहिष्कार जैसी बात सामने आना भी इस बात का संकेत है कि लोगों की अपेक्षाओं और विकास कार्यों के बीच कहीं न कहीं अंतर बना हुआ है। क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता का कहना है कि शिवपुर-चरचा क्षेत्र की मांगें किसी एक राजनीतिक दल के पक्ष या विपक्ष से जुड़ी हुई नहीं हैं, बल्कि यह क्षेत्र के भविष्य से संबंधित विषय हैं। नगर पालिका परिषद में सत्ता में रहने वाले दल से लेकर विपक्ष तक सभी राजनीतिक दलों को इन मांगों को गंभीरता से लेना चाहिए। कोरिया जिला उद्योगविहीन जिला है यहां उद्योग के नाम पर मात्र चार कोयला खदानें हैं जो काफी पुरानी हो चुकी हैं क्षेत्र की सबसे बड़ी कोयला खदान चरचा खदान 62 वर्ष पुरानी है और अब चंद वर्षों में बंद होने के कगार पर है खदान के बंद होने से क्षेत्र में रोजगार का अभाव हो जाएगा, लोगों के सामने रोजी-रोटी की गंभीर समस्या आ जाएगी और लोग पलायन करेंगे, देश को साढ़े सात लाख करोड़ रुपए का कोयला देने वाला ऐतिहासिक कोयला नगरी चरचा इतिहास के पन्नों पर सिमट जायेगा, कोरिया जिला प्रदेश का सबसे छोटा जिला बन गया है। स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र के भविष्य के लिए चरचा-कटघोड़ी सड़क निर्माण को महत्वपूर्ण विकल्प बताया है। उनका मानना है कि बेहतर सड़क संपर्क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारभूत आवश्यकता है। यदि चरचा को कटगोड़ी से बेहतर सड़क मार्ग से जोड़ा जाता है तो इससे आवागमन के साथ-साथ व्यापार, रोजगार, परिवहन और क्षेत्र में भविष्य की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिल सकती है सड़क निर्माण केवल वर्तमान की सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा हुआ विषय है। खदान आधारित अर्थव्यवस्था के भविष्य को देखते हुए क्षेत्र में वैकल्पिक आर्थिक गतिविधियों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी आवश्यक है। फिलहाल क्षेत्र में विकास के दावों के बीच चरचा-कटगोड़ी सड़क निर्माण की मांग एक महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे के रूप में सामने आ रही है।

■ मांग पूरी नहीं होने पर होने पर करेंगे मतदान का बहिष्कार

7 को बैकुंठपुर में निकलेगी सेवा ज्योति यात्रा

बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को बैकुंठपुर में सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ युवा, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी तथा आम नागरिक शामिल होंगे। सेवा ज्योति रथ, ज्योति एवं मशाल यात्रा के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9:15 बजे मिनी स्टेडियम, बैकुंठपुर में प्रतिभागियों का आगमन होगा।

इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति होगी। सुबह 10 बजे अतिथियों के मंच आगमन के बाद राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। सुबह 10:15 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन होगा। इसके बाद सुबह 10:55 बजे विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। सुबह 11 बजे स्थानीय अतिथियों द्वारा सेवा ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। इसके पश्चात सुबह 11:10 बजे सेवा ज्योति यात्रा रवाना होगी।



यात्रा मिनी स्टेडियम से प्रारंभ होकर रामानुज महाविद्यालय में समाप्त होगी। ओड़गी नाका में विकसित भारत संकल्प सेवा चौक का नामकरण भी किया जाएगा। यात्रा के माध्यम से सेवा, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जाएगा।

गांव-गांव पहुंचा वन एवं वन्यजीव संरक्षण का संदेश

मनेंद्रगढ़। वनमण्डल मनेंद्रगढ़ अंतर्गत वन परिक्षेत्र केल्हारी में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर रविवार को जन-जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया।

रैली के माध्यम से ग्रामीणों को वन्य प्राणियों के संरक्षण, मानव-वन्य प्राणी सह-अस्तित्व तथा वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही हाथियों की मौजूदगी के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों और क्या करें-क्या न करें के संबंध में भी जानकारी दी गई। जन-जागरूकता कार्यक्रम वनमण्डलाधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी के मार्गदर्शन तथा वन परिक्षेत्राधिकारी केल्हारी के निर्देशन में आयोजित किया गया। बाइक रैली में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं चौकीदारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न गांवों में पहुंचकर वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। वन्यप्राणी संरक्षण जागरूकता बाइक रैली ग्राम कछौड़ से प्रारंभ हुई। रैली पहाड़ हंसवाही, मांझीडांड, रोझी, दुगला, केल्हारी, चरवाही, डोंडकी, ढाबा, बहेराटोला और नवाटोला सहित विभिन्न गांवों से होते हुए तिलोखन पहुंची, जहां इसका समापन किया गया।

पनिका समाज की जिला स्तरीय बैठक, निर्माण की बनेगी रणनीति



बैकुण्ठपुर। भारतीय पनिका समाज, जिला कोरिया की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक 4 अक्टूबर को आयोजित की गई। बैठक में समाज के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा के साथ सामाजिक हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से सामाजिक नियमावली तैयार करने, सामाजिक जनगणना कराने तथा खोड़री स्थित सामाजिक भवन के विकास को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

सामाजिक नियमावली तैयार करने के लिए जिले की प्रत्येक ग्राम इकाई समिति से लिखित प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। प्रस्ताव 1 नवंबर 2026 से पहले जिला कार्यकारिणी द्वारा गठित 11 सदस्यीय दल के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सामाजिक नियमावली तैयार करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। बैठक में समाज के सदस्यों की वास्तविक और व्यवस्थित जानकारी संकलित करने के उद्देश्य से सामाजिक जनगणना कराने का निर्णय भी लिया गया। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया और रूपरेखा आगामी चरण में निर्धारित की जाएगी। बैकुंठपुर के खोड़री स्थित सामाजिक भवन में आवश्यक बाउंड्रीवॉल एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई। भवन के विकास और समाज के सदस्यों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवश्यक रणनीति तैयार कर कार्य आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष राजाराम जांता, जिला कोषाध्यक्ष रामलाल टांडिया, जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद, ब्लॉक अध्यक्ष बैकुण्ठपुर दीपक कुमार, महिला समिति जिलाध्यक्ष बबीता ग्वाले, महिला समिति उपाध्यक्ष हीराकली, युवा समिति सचिव उमेश कुमार, युवा समिति उपाध्यक्ष संजू पड़वार व भरत देवांगन सहित श्रवण कुमार, राकेश कोराम, बिजेंद्र पड़वार, गंगाराम, रामलखन, सुभाष पड़वार, राजकुमार देवांगन, जयप्रकाश, राममिलन तांजे, शोमदास, विजय कोराम, अरविन्द कुमार (ब्लॉक सचिव, पटना), बबली देवांगन और भारती (मीडिया प्रभारी, महिला समिति) उपस्थित रहे।



हर्रापारा में पीलिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

विकासखंड भैयाथान के ग्राम हर्रापारा में पीलिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में ग्राम देवल्या में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

■ ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

स्वास्थ्य शिविर बीएमओ भैयाथान डॉ. राकेश सिंह के निर्देशानुसार लगाया गया। शिविर प्रभारी तोपान सिंह दायमा, सेक्टर प्रभारी भोला कुशवाहा, सीएचओ अंकिता जायसवाल, अर्चना, अमित कुशवाहा, पूनम, संजू सहित स्वास्थ्य टीम भैयाथान द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। शिविर में 150 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 80 मरीजों का रक्त सैंपल पीलिया जांच हेतु लिया गया। साथ ही टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत 40 मरीजों का चेस्ट एक्स-रे भी किया गया। अतिथियों ने ग्रामीणों को पीलिया से बचाव हेतु पानी उबालकर पीने, साफ-सफाई रखने और दूषित भोजन से बचने की सलाह दी। शिविर में जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह एवं जनपद पंचायत भैयाथान के उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, सरपंच अनिल सिंह, सचिव आनंद सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गुरूवार को पूरे जिले में होगा रोजगार सह आवास दिवस

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में इस माह की सात तारीख यानी गुरूवार को समस्त ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस, आवास दिवस एवं चावल उत्सव आयोजित किया जाएगा।

इस आशय के निर्देश कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव के द्वारा जारी किए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बताया कि ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले रोजगार दिवस के अंतर्गत कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत तकनीकी से आम लोगों का जुड़ाव, श्रमिकों को उनकी लाभप्रद योजनाओं के अंतर्गत आने वाली समस्याओं का निराकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। जिले की सभी 162 ग्राम पंचायतों में अब विकसित भारत जीरामजी तथा प्रधानमंत्री आवास जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में पारदर्शिता के लिए तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायत में लगाए गए स्वप्रकटीकरण क्यूआर कोड को अधिकाधिक ग्रामवासियों द्वारा स्कैन किए जाने हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा तथा इसकी जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।



वीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत कार्ययोजना तैयारी -

अकुशल श्रम से आगे निकलकर विकसित भारत के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए विकसित भारत जीरामजी योजना के अंतर्गत रोजगार दिवस पर विशेष गतिविधि की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि विकसित भारत ग्राम पंचायत प्लान के संबंध में ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर प्लान को अधिक प्रभावी एवं विस्तृत बनाने हेतु आवश्यक सुझाव जोड़े जाएंगे। श्रमिकों की मांग अनुसार स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराए जाने की कार्यवाही होगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से कार्य आरंभ कराया जाएगा।

एसईसीएल सीएमडी द्वारा ठेका श्रमिकों के हित में की गई कई घोषणाओं का नहीं हो सका प्रभावी क्रियान्वयन

ठेका श्रमिकों के हितों को लेकर एटक यूनियन ने जीएम ऑफिस के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों में कार्यरत लगभग 700 ठेका श्रमिकों ने आज सोमवार को एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग,राकेश द्विवेदी, सलमान खान,वीसी जैन के नेतृत्व में ग्राम पोड़ी से बाइक रैली निकाली। सैकड़ों श्रमिक अपने अधिकारों के समर्थन में नारे लगाते हुए बिश्रामपुर महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे, जहां रैली एक विशाल आमसभा में तब्दील हो गई।

सभा को संबोधित करते हुए एटक के महासचिव अजय विश्वकर्मा ने कहा कि 1 मई खनिक दिवस के अवसर पर एसईसीएल के सीएमडी द्वारा ठेका श्रमिकों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई थीं, लेकिन क्षेत्र में इन घोषणाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अभी तक दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रबंधन वास्तव में ठेका श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर है, तो सीएमडी द्वारा की गई घोषणाओं को तत्काल लागू करना चाहिए। इनमें ठेका श्रमिकों को परिचय पत्र, एचपीसी के अनुसार निर्धारित तिथि पर वेतन भुगतान, मेडिकल कार्ड एवं परिवार को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, कॉर्पोरेट बैंक में खाता खुलवाना, एसईसीएल संचालित स्कूलों में श्रमिकों के बच्चों के प्रवेश की सुविधा तथा आवास की सुविधा सहित अन्य घोषणाएं शामिल हैं।श्री विश्वकर्मा ने विशेष रूप से ड्रेस कोड का मुद्दा उठाते हुए कहा कि नियमित कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस कोड के तहत ड्रेस उपलब्ध कराई जाती है, जबकि ठेका श्रमिक अलग-अलग रंग एवं प्रकार के कपड़ों में खदानों में कार्य करने पहुंचते हैं। उन्होंने मांग किया कि सभी ठेका श्रमिकों के लिए समान एवं निर्धारित ड्रेस कोड लागू किया जाए तथा वर्ष में दो बार निर्धारित ड्रेस उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर क्षेत्र ने इस वर्ष ठेका श्रमिकों की मेहनत और योगदान के बल पर 88 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है, लेकिन इसके बावजूद ठेका श्रमिकों के शोषण और उनकी समस्याओं में कमी नहीं आई है। एटक के केंद्रीय अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि ठेका श्रमिकों को नियमानुसार एचपीसी वेतन, पूर्ण बोनस/पीएलआई तथा लंबित बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने श्रमिकों को सीएमपीएफ/ईपीएफ में जमा राशि एवं उससे संबंधित पूरी जानकारी ठेका श्रमिकों को उपलब्ध कराने की भी मांग की।पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता नरेश राजवाड़े ने कहा कि खदानों के आसपास के स्थानीय युवाओं की नियुक्ति के नाम पर भारी शोषण किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के नाम पर पैसे लिए जाने की शिकायतें गंभीर चिंता का विषय हैं। जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण राजवाड़े ने मांग किया कि प्रत्येक ठेका श्रमिक को हर माह की 7 तारीख तक बैंक खाते में वेतन भुगतान, प्रतिमाह 26 दिन का काम तथा सभी वैधानिक छुट्टियों का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खदानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन होना चाहिए तथा श्रमिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रबंधन की जिम्मेदारी है।

